राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'वसंत पंचमी' के सुअवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 21 जनवरी 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने 'वसंत पंचमी' के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री मलिक ने कहा है कि ऋतुराज वसंत के शुभागमन के अवसर पर माँ सरस्वती की अभ्यर्थना से समाज में विद्या, बुद्धि, ज्ञान, कला, शांति एवं सद्भावना का विकास होता है तथा देश समृद्धि एवं सुसंस्कृति के पथ पर अग्रसर होता है।

राज्यपाल ने राज्यवासियों से 'वसंतपंचमी' पर्व को बंधुता, प्रेम और उल्लास पूर्वक मनाए जाने का अनुरोध किया है।

....